Seat No. : _______________

# LE-118

**April-2014**

**B.A. (Sem.-VI)**

**CC-312 : Hindi**

**(हिन्दी व्याकरण)**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. वर्ण की अवधारणा स्पष्ट करते हुए हिन्दी की वर्ण-व्यवस्था का परिचय दीजिए । **14**

   **अथवा**

   संक्षेप में लिखिए :

   (1) व्यक्तिवाचक और जातिवाचक संज्ञा

   (2) निश्चय और अनिश्चयवाचक सर्वनाम

2. विशेषण की परिभाषा देकर उसके भेदोपभेद बताइए । **14**

   **अथवा**

   'अव्यय' का अर्थ समझाते हुए क्रिया-विशेषण का परिचय दीजिए ।

3. हिन्दी की कारक-व्यवस्था का परिचय दीजिए । **14**

   **अथवा**

   समास की परिभाषा देकर कर्मधारय और द्वन्द्व समास का परिचय दीजिए ।

4. वाक्य के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी वाक्य रचना की विशेषताएँ बताइए । **14**

   **अथवा**

   रचना के आधार पर वाक्य के भेद बताइए ।

5. सूचनानुसार उत्तर दीजिए :

   (अ) निम्नलिखित वाक्यों को योग्य विकल्प चुनकर पुन: लिखिए : **9**

   (1) यह स्वर के बाद आनेवाला व्यंजन है जिसकी ध्वनि नाक से निकलती है ।
   (अनुस्वार, निरनुनासिक, विसर्ग)

   (2) प्राणिवाचक और अप्राणिवाचक संज्ञा के भेद किस आधार पर किए गए हैं ?
   (गणना के आधार पर, सजीवता के आधार पर, व्युत्पत्ति के आधार पर)

(3) उत्तम, मध्यम और अन्य पुरुष किस सर्वनाम के भेद हैं ?
(पुरुष वाचक सर्वनाम, निजवाचक सर्वनाम, सम्बन्धवाचक सर्वनाम)

(4) जिन मूल शब्दों से क्रियाएँ बनती हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?
(अक्षर, धातु, पद)

(5) रोने लगा, पहुँच गया, कर सका आदि में कौन सी क्रिया है ?
(संयुक्त क्रिया, नामधातु क्रिया, सकर्मक क्रिया)

(6) "आँधी आई और पानी बरसा" में कौन सा अव्यय है ?
(सम्बन्ध बोधक, समुच्चय बोधक, विस्मयादिबोधक)

(7) "असर्ग और प्रत्यय अविकारी शब्द या शब्दांश हैं" – यह कथन निम्नलिखित में से क्या है ?
(सत्य, असत्य, प्रसंगानुसार)

(8) वाक्य के एक पद को सुनकर दूसरा पद सुनने की जो उत्कंठा होती है, उसे निम्न में से क्या कहते हैं ?
(आकांक्षा, योग्यता, अन्वय)

(9) उद्देश्य और विधेय वाक्य रचना के किस भाग के अंतर्गत आते हैं ?
(वाक्य के मुख्य खण्ड, वाक्य के प्रकार, वाक्य का अन्वय)

(ब) (अ) से (ब) के योग्य जोड़े मिलाइए : **5**

| **अ** | **ब** |
|---|---|
| (1) मात्राएँ | (1) नित्यताबोधक संयुक्त - क्रिया |
| (2) नया, पुराना, लाल, पीला, सीधा आदि | (2) उर्दू उपसर्ग |
| (3) सरहद, सरताज आदि | (3) विस्मयादिबोधक अव्यय |
| (4) हवा चल रही है । हवा चलती रही । | (4) लघु और गुरु |
| (5) हाय ! अब मैं क्या करूँ ? | (5) गुणवाचक विशेषण |